21611 - क्या औरत की योनि में अल्ट्रासाउंड ट्यूब डालने के बाद ग़ुस्ल करना वाजिब है?

प्रश्न

मेरा कुछ महीनों से बांझपन का इलाज चल रहा है। मैं अल्ट्रासाउंड और आवधिक निगरानी के लिए नियमित रूप से डॉक्टर के पास जाती हूँ। अल्ट्रासाउंड के दौरान, क्लोज़-अप तस्वीर लेने के लिए नर्स मेरी योनि में एक ट्यूब डालती है, और कभी-कभी मेरी योनि में दवा भी डाली जाती है। मेरा सवाल यह है कि क्या योनि में अल्ट्रासाउंड ट्यूब डालने के बाद ग़ुस्ल अनिवार्य है?

विस्तृत उत्तर

स्थायी समिति से पूछा गया : अगर कोई महिला या डॉक्टर योनि में कोई चिकित्सा उपकरण या दवा डालती है, तो क्या ग़ुस्ल करना ज़रूरी है?

क्या इससे रोज़ा बातिल (अमान्य) हो जाता है?

तो उसने उत्तर दिया : “यदि उपर्युक्त बात हो जाती है, तो उसके कारण जनाबत का ग़ुस्ल करना अनिवार्य नहीं है, और यह रोज़े को अमान्य नहीं करता है।”